# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

## राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल

क्रमांक : 748 /प्रमू/मप्रभोमुविवि/2022 भोपाल, दिनांकः 08 /04 /2022

## परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा–वर्ष 2022

म0 प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के **परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा वर्ष 2022** के लिए ऑन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु म0प्र0 शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000/–(पॉच हजार रूपये) तथा निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि रू. 1,50,000/–(एक लाख पचास हजार रुपये) हैं। निविदा प्रपत्र ऑन–लाईन ही क्रय की जा सकेगी एवं ऑन–लाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का कुल मूल्य रूपये 50,00,000/–(पचास लाख रुपये) लगभग है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in व https://mpbou.edu.in पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | 11/04/2022 | 11:00 am |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 13/04/2022 | 11:00 am |
| 03 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 13/04/2022 | 05:00 pm |
| 04 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की अंतिम तिथि | 25/04/2022 | 05:30 pm |
| 05 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 25/04/2022 | 05:30 pm |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि | 27/04/2022 | 02:00 pm |

निविदा सम्बन्धी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://mpbou.edu.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

## परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा–वर्ष 2022

### भाग – 1
### निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे निविदा प्रपत्र भरने/ प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, शर्ते एवं कार्य से संबंधित प्रक्रिया के बारे में दिये गये विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ ले। निविदा के संबंध में किसी शंका समाधान एवं स्पष्टीकरण के लिए कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

1.2 **कार्य का विवरण** :–म0 प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का मुख्यालय परिसर राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल में स्थित है। वि0वि0 का कार्यक्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश है। विवि के 11 क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना, सागर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद एवं बड़वानी शहर में है। इसी प्रकार लगभग 548 अध्ययन केंद्र प्रदेश के विभिन्न शहरों एवं कस्बों में स्थित शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित है। अध्ययन केंद्रों की संख्या परिवर्तनशील है।
परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) कार्य हेतु निविदा वर्ष 2022 से तात्पर्य म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष पर्यन्त आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के परीक्षा के पूर्व तथा पश्चात् कार्य करने से है।

1.3 निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in से डाउनलोड की जाय। निविदा से सम्बन्धी समस्त जानकारियॉं म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mpbou.edu.in पर उपलब्ध हैं।

1.4 यह निविदा म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के **परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) कार्य हेतु** योग्य एजेंसी/ फर्मो से ऑन–लाईन अल्पकालीन ई–निविदा वर्ष – 2022 आमंत्रित की जाती है।

1.5 निविदाएँ वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी उपरोक्त वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू0 50,00,000/– (पचास लाख रुपये) लगभग हैं।

1.6 निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड/कय करने की प्रारंभ तिथि | 11/04/2022 | 11:00 am |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 13/04/2022 | 11:00 am |
| 03 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 13/04/2022 | 05:00 pm |
| 04 | निविदा फार्म डाउनलोड/कय करने की अंतिम तिथि | 25/04/2022 | 05:30 pm |
| 05 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 25/04/2022 | 05:30 pm |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि | 27/04/2022 | 02:00 pm |

1.7 निविदा खोलने के लिए निर्धारित तिथि को अपरिहार्य कारणों से नही खोले जाने पर उसे अगले कार्यदिवस पर दोपहर 3:00 बजे खोला जाएगा। इसकी पृथक से सूचना नही दी जाएगी।

1.8 **प्रक्रिया–1**: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000/–(पॉच हजार रुपये) है। निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि रूपये 1,50,000/–(एक लाख पचास हजार रुपये) है। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है। उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.9 **प्रक्रिया–2**: प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित कर पृथक–पृथक स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.10 **प्रक्रिया–3**: प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

## भाग – 2
## तकनीकी निविदा की अर्हतायें

परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) कार्य की अल्पकालीन ई–निविदा–2022 हेतु निविदा पात्रता की शर्तें निम्नांकित है जिनके अभाव में निविदा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगाः–

2.1 **अनुभवः**–

(i) संस्था द्वारा पिछले पाँच वित्तीय वर्षो (2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21) मे से तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का परीक्षा (पूर्व तथा पश्चात्) परिणाम कार्य न्यूनतम औसत **पचास हजार परीक्षार्थी** किया गया हो।

(ii) अनुभव की गणना के लिए एक वर्ष में एक से अधिक संस्थाओं के कार्य आदेश मान्य होगें। संबंधित संस्था के कार्य आदेश, प्रमाणपत्र की छायाप्रतियॉ प्रमाण स्वरूप अपलोड की जायें। प्रत्येक संस्था का अनुभव कार्य पृथक–पृथक प्रदर्शित किया जाये।

(iii) **प्रारूप–5** के अनुसार पिछले पॉच वित्तीय वर्षो का अनुभव दर्ज किए जाय।

2.2 **टर्न ओवरः**–निविदाकार का परीक्षा परिणाम संबंधी कार्य का विगत पॉच वर्षो में से तीन वर्षो का औसत वार्षिक टर्नओवर रू0 **एक करोड** से अधिक होना चाहिए। **संबंधित** तीनों वित्तीय वर्षों का वास्तविक टर्न ओवर की चार्टड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि **प्रारूप–4** पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

2.3 **बेलेन्सशीटः**–पिछले तीन वित्तीय वर्षों की चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित बेलेन्सशीट/ अंकेक्षित अंतिम लेखे ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2.4 **इनकम टैक्सः**–विगत तीन वित्तीय वर्ष में (2018–19, 2019–20, 2020–21) इनकम टैक्स विवरण जमा करने की रसीद की प्रतिलिपि ऑन–लाईन पद्धति से अपलोड करना अनिवार्य होगा।

2.5 **शपथपत्र पर घोषणाऐंः**–निविदाकार फर्म को **प्रारूप–3** अनुसार निम्न घोषणाऐं 1000/– के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है :–

- मैं निविदाकर्ता संस्था............................................... (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ................................................ (एकल स्वामी/ साझेदार/ संचालक/ मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूँ तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ..........................................हैं।
- मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा हमारी संस्था को अक्षरशः मान्य हैं।
- निविदा में वर्णित सभी कार्यो को सम्पादित करने के लिए मेरे/ हमारी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त हैं।
- हमारी संस्था को किसी भी शास0/अर्ध शास0 संस्था/उपक्रम/सहकारी संघ से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।
- हमारी फर्म पर किसी शासकीय संस्था/ उपक्रम तथा बैंक की देनदारी शेष नहीं हैं एवं हमारी फर्म को कभी भी दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।
- हमारी फर्म को आयकर, वाणिज्य कर एवं अन्य करो के भुगतान के संबंध में डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया। इस संबंध में हमारे विरूद्व कभी भी वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई और न ही किसी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है। हमारी संस्था के विरूद्ध परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) कार्य सम्बन्धी, कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी आपराधिक मामले मे सीधे दोषी पाया गया है।
- मेरे/ हमारी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई सभी जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणिक है। किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/ हमारे द्वारा निष्पादित निविदा निरस्त किया जाना मुझे/हमें मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

2.6 निविदाकार फर्म से संबंधित निम्न अभिलेख को भी अपलोड करें –

2.61 संस्था/फर्म/कम्पनी का इस कार्य का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति ।

2.62 आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन (PAN/TAN) की छाया प्रति ।

2.63 जीएसटी (GST) पंजीयन की छाया प्रति ।

2.64 पिछले तीन जीएसटी रिटर्न की छाया प्रतियॉं (2019–20, 2020–21, 2021–22) ।
(जी.एस.टी. जमा करने के संबंध में, किसी प्रकार की छूट प्राप्त है तो, संबंधित प्रमाणपत्र संलग्न करे)

2.65 ISO 9001:2015 का अद्यतन प्रमाणपत्र

2.7 **प्रत्येक पृष्ठः–** निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मुद्रा (सील) लगाकर हस्ताक्षरयुक्त अपलोड करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मुद्रा (सील) एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नही किया जावेगा** । संलग्न दस्तावेजों की सूची एवं पृष्ठ संख्या **प्रपत्र 1** में अंकित करें।

2.8 **निर्धारित प्रपत्रः–** निविदा निर्धारित प्रपत्र पर ही मान्य होगी। एक बार निविदा प्रपत्र क्रय करने के उपरांत निविदा मूल्य की राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

2.9 **सेम्पलः–**
**2.91 ब्लेंक पर्ण/प्रतिपर्ण** :–निविदाकर्ता को निविदा के साथ ब्लेंक पर्ण/प्रतिपर्ण (OMR Pattern) का सेम्पल (प्रारूप) कंडिका 4.1 अनुसार प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। **ब्लेंक पर्ण/प्रतिपर्ण (OMR Pattern) का मूल्य, परीक्षा पूर्व कार्य की दर (कीमत) में शामिल होगा।**
**2.92 ब्लेंक अंकसूची** :– निविदाकर्ता को निविदा के साथ ब्लेंक अंकसूची का सेम्पल (प्रारूप) कंडिका 4.2 अनुसार प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। **ब्लेंक अंकसूची का मूल्य, परीक्षा पश्चात् कार्य की दर (कीमत) में शामिल होगा।**
उक्तानुसार सेम्पल डाक अथवा पत्र वाहक के माध्यम से कुलसचिव, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल–462016 के पते पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि से पॉच दिवस तक सायं 5:30 तक पहुँच जाना चाहिए।

2.10 फर्म को अपने कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर आदि मशीनरी/तकनीकी योग्यता एवं वर्तमान कर्मचारियों की संख्या/जानकारी देना होगा ।

# भाग – 3
# निविदा की शर्तें

## 3.01 अनुबंधः–

3.011 सफल निविदाकर्ता को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा, जो विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं फर्म के प्राधिकृत अधिकारी के मध्य निष्पादित होगा। अनुबंध के समय स्टाम्प आदि पर होने वाला व्यय, सफल निविदाकार को स्वयं वहन करना होगा। कार्यादेश के पूर्व सफल निविदाकार को रू. तीन लाख पचास हजार राशि की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) एफ0डी0आर0, कुलसचिव, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन होने पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।
कार्य के लिए निष्पादित अनुबंध की अवधि विश्वविद्यालय द्वारा अनुबंध जारी करने की तिथि से एक वर्ष के लिए होगी। एजेन्सी द्वारा दी जाने वाली कार्य व्यवस्था कार्यावधि के दौरान सन्तोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि आपसी सहमति से प्रतिवर्ष के मूल्यांकन के हिसाब से एक–एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा इसे अधिकतम 3 वर्षों तक ही बढ़ाया जा सकेगा। फर्म से अनुबंध की अवधि में कार्य की मूल अनुबंध की अन्य शर्ते यथावत रहेगी अर्थात् अनुबंधित दर मे किसी भी प्रकार की वृद्धि मान्य नहीं होगी।

3.012 **निविदा की शर्ते, विश्वविद्यालय एवं फर्म के मध्य होने वाले अनुबंध का अनिवार्य भाग होगी। अनुबंध की शर्तो में किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में निविदा की शर्तो को ही आधार माना जावेगा।** अनुबंध संपादित होने के उपरांत कार्य संपादन न करने की दशा में उनके द्वारा जमा की गई निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात (जब्त) कर ली जावेगी। साथ ही फर्म को काली सूची में रखने की कार्यवाही की जा सकेगी। सफल निविदाकार द्वारा कार्य पूर्ण नही करने की स्थिति में विश्वविद्यालय अन्यत्र से कार्य पूर्ण कराने के लिए स्वतंत्र होगा। अन्यत्र कार्य संपादित कराने पर होने वाले संपूर्ण व्यय अनुबंधित फर्म के देयक से कटौती योग्य होगा। इसके अतिरिक्त कुल कटौती का 10 प्रतिशत तक की राशि दंड स्वरूप अनुबंधित फर्म से वसूली की जावेगी।

3.013 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

## 3.02 निविदाएं निरस्तः–

3.021 निविदाऐं निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने की स्थिति में, विलंब से प्राप्त निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

3.022 निविदा के साथ विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी निविदा प्रतिभूति राशि एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियॉ अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा स्थिति में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

3.023 विवि द्वारा सौपा गया कार्य, विवि के निर्देशों के अनुरूप तैयार किया जाना अथवा मुद्रित किया जाना आवश्यक होगा। कार्य/मुद्रण दिए गए विनिर्देशों और निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाए जाने पर किसी भी समय निविदा के फलस्वरूप संपादित अनुबंध को समाप्त करने की कार्यवाही की जा सकेगी। साथ ही प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी। सौंपे गए कार्य के निष्पादन के दौरान किसी भी अवसर पर विवि के अधिकारी/प्रतिनिधि कार्य का निरीक्षण एवं गुणवत्ता की परख करने के लिए स्वतंत्र होगें एवं विवि के विवेकाधीन किसी भी प्रकार की त्रुटि/ कमी पाए जाने पर अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा।

## 3.03 विश्वविद्यालय की जिम्मेदारीः–

3.031 परीक्षा परिणाम के प्रत्येक प्रारूप सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। उपलब्ध कराए गए प्रारूपों में ही परीक्षा परिणाम फर्म द्वारा तैयार किया जाना अनिवार्य होगा।

3.032 विवि द्वारा परीक्षा पूर्व एवं परीक्षा के पश्चात् कार्य करने के लिए कम्प्यूटर डाटा यथा परीक्षार्थी के प्राप्तांक, परीक्षा पद्धति (Exam Scheme) एवं अन्य आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराये जायेगें।

3.04 **भुगतान से संबंधितः–**

3.041 निविदा के अनुरूप कार्य की दरें, वित्तीय बिड प्रपत्र– 6 में ऑन–लाईन दी जानी चाहिए। दरें जीएसटी रहित (Without GST) होगी। विवि द्वारा सौंपे गए कार्य संपन्न होने के उपरांत अनुबंधित फर्म को देयक "कुलसचिव, मध्य प्रदेश भोज विश्वविद्यालय, भोपाल" के पक्ष में तीन प्रतियों में तैयार कर विधिवत रूप से मोहर लगी हुई अग्रिम रसीद के साथ प्रस्तुत करने होगें। प्रस्तुत देयक में दरें जीएसटी (GST) की राशि तत्समय प्रभावशील दर पर पृथक से भुगतान की जावेगी। देयक में जीएसटी की दरों का उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा ।

देयक के साथ परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नही करने बाबत प्रमाण पत्र (Non-Tampering Certificate), सामग्री जमा के चालान/पावती, सामग्री की सेंपल प्रति उपलब्ध कराना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा समय/परिस्थिति अनुसार Pre Exam या Post Exam या दोनो का कार्य (जो लागू हो अर्थात् जो कार्य करवाया गया हो) अनुसार देयक भुगतान कार्यवाही संपादित होगी।

3.042 कार्य संपादन के लिए आवश्यक सामग्रियॅा विश्वविद्यालय से प्राप्त करने एवं कार्य संपादन पश्चात् विवि को अंकसूची आदि सौंपने की पूर्ण जिम्मेदारी अनुबंधकर्ता फर्म की होगी। इस बाबत् किसी भी प्रकार का स्वत्व (Claim) मान्य नही किया जाएगा। सामग्री F.O.R. म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट होगी। निविदाकर्ता स्वयं के व्यय पर विवि मुख्यालय में निर्देशित स्थान से सामग्री प्राप्त करेंगें पर बिना किसी परिवहन व्यय के सामग्री सौपेंगें। सामग्री, परिवहन इत्यादि में क्षतिग्रस्त होने पर मान्य नही की जावेगी एवं उन सामग्री का भुगतान नही किया जाएगा।

3.043 फर्म द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं अन्य करों की कटौती/भुगतान की जावेगी।

3.044 कार्यादेश पूर्ण होने अथवा अनुबंध समाप्त होने पर कोई बकाया न होने (No Dues) की स्थिति में ही विश्वविद्यालय द्वारा निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) वापिस की जावेगी। निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि से किसी भी प्रकार की लेनदारी/देनदारियों का समायोजन स्वीकार्य नही होगा।

3.045 फर्म द्वारा प्रदाय सामग्री की पेपर टेस्टिंग विश्वविद्यालय द्वारा कराई जाएगी। तदोपरांत भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पेपर टेस्टिंग पर होने वाले व्यय सफल निविदाकार फर्म द्वारा वहन किया जावेगा।

3.05 **कार्य की अवधि :–**

विश्वविद्यालय द्वारा दिए परीक्षा पूर्व एवं पश्चात् कार्य से संबंधी अंतिम सामग्री (डाटा) दिए जाने के दिनांक से दस दिवस तक, सफल निविदाकार को कार्य का आउटपुट (परिणाम आदि) प्रदान करना होगा। इसके उपरांत कंडिका 3.07 अनुसार देयक में कटोतियॉ अधिरोपित की जा सकेगी।

3.06 **फर्म की जिम्मेदारीः–**

3.061 परीक्षा परिणाम सामग्री जैसे टीआर, अंकसूची आदि विनिर्देशों के अनुसार प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर सफल निविदाकर्ता फर्म को उनके व्यय पर वापस की जाएगी अथवा विश्वविद्यालय द्वारा उक्त कम गुणवत्ता की सामग्री स्वीकार्य करने पर कंडिका 3.7 अनुसार देयक में कटौति अधिरोपित की जावेगी।

3.062 रिजल्ट की हार्ड कॉपी (निर्धारित प्रारूपों में मुद्रित रूप में) विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। प्रत्येक रिजल्ट की कक्षावार, अध्ययन केन्द्रवार पीडीएफ फाईल डी0व्ही0डी0 में तथा ऑन लाइन विश्वविद्यालय में देना आवश्यक है। अंकसूचियॉ, रिजल्ट शीट एवं टीआर विश्वविद्यालय को परीक्षा परिणाम के साथ ही उपलब्ध करानी होगी। सॉफ्ट कॉपी (डी0व्ही0डी0 तथा ऑन लाईन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप Dbase/MS Access/Excel/SQL Server) में प्रस्तुत करना होगा। फर्म को प्रत्येक परिणाम के साथ, इस आशय का एक प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना होगा कि, तैयार किये गये परिणाम में किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नही की गई है (Non-Tamering Certificate) ।

3.063 फर्म द्वारा त्रुटि करने पर, त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम/अंकसूचियॉ में अपेक्षित सुधार कर पुनः परिणाम/अंकसूचियॉ तैयार कर फर्म को स्वयं के व्यय पर अधिकतम एक सप्ताह में प्रदान करना होगा। इसी प्रकार समय–समय पर आवश्यकतानुसार/ विश्वविद्यालय द्वारा मॉग जाने पर विभिन्न परिणामों का अद्यतन डाटा (Latest Data) ऑन–लाईन/डीव्हीडी में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

3.064 समस्त अभिलेख के अंतिम संशोधित डाटा की सॉफ्ट कापी (Un-Editable) एवं ओ0एम0आर0 शीट की कोडिंग का पूर्ण विवरण/ फार्मूला विश्वविद्यालय की परीक्षा के पश्चात आवश्यक रूप से देना होगा। आधार पाठ्यक्रम (FC) की ओ0एम0आर0 शीट के प्राप्तांक कक्षावार, केंद्रवार, परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत प्राप्तांकों को पर्ण/प्रतिपर्ण के प्रारूप में पीडीएफ फारमेट में उपलब्ध कराना होगा (यदि लागू हो)। एमपीऑनलाईन को आवश्यकतानुसार सॉफ्टकापी उपलब्ध कराना होगा।

3.065 रिजल्ट प्रोसेसिंग फर्म अनिवार्य रूप से विवि परिसर में एक यूनिट स्थापित करेगी, जो प्रोसेसिंग व संशोधन संबंधी कार्य संपादित करेगी । यूनिट स्थापित करने हेतु विवि मूलभूत सुविधाऐं जैसे कक्ष, बिजली, इंटरनेट, फर्नीचर आदि उपलब्ध कराएगा ।

3.066 फर्म को पूर्व वर्षो के अघोषित परिणाम, डुप्लीकेट, संशोधन प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ संपादित करना होगा। उक्त हेतु डाटाबेस/ हार्डकापी विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। **इस कार्य को अधिकतम तीन दिवस की समय सीमा में पूर्ण करना होगा। भुगतान की दर, परीक्षा पश्चात् कार्य कंडिका 4.3 अनुसार होगी।**

3.07 **दण्ड अधिरोपणः–**

3.071 **कार्य सन्तोषजनक न होनाः–** कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता को प्रदायित कार्य का आदेश म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जब्त/राजसात की जावेगी। इसमें विश्वविद्यालय को जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली भी स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती करने का पूर्ण अधिकार कुलपति, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधीन रहेगा।

3.072 **विलम्बः–**जिस कक्षा का परीक्षा परिणाम कंडिका 3.5 अनुसार विलम्ब से प्रदाय किया जाता है तो उस कक्षा के बिल से प्रति सप्ताह 05% राशि की कटौती की जावेगी।
इसके अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर कटौती का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.073 **सामग्री में त्रुटिः–**सभी सामग्री पूर्व स्वीकृत गुणवत्ता (जीएसएम) के अनुसार न होने की स्थिति में प्रति जीएसएम 2% की दर से देयक में कटौति की जावेगी।

3.08 निविदाकर्ता फर्म के प्रतिनिधि निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

3.09 **कार्यादेश किसी अन्य फर्म को सबलेट करना, पाये जाने परः–**

सफल निविदाकार को कार्यादेश अनुसार स्वयं के स्वामित्व वाली फर्म से ही कार्य संपादित करना होगा।कार्य अथवा कार्य का कोई भी भाग किसी अन्य फर्म को सबलेट नहीं किया जा सकेगा। फर्म द्वारा सबलेट करने संबंधी तथ्य संज्ञान में आने पर कार्यादेश निरस्त करने, अनुबंध समाप्त करने, ब्लैक लिस्ट करने एवं निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जब्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा । यदि कार्य सबलेट करते हुए कार्य संपादित किया जाना पाए जाने पर देयक भुगतान नही होगा । ऐसे कार्य का कोई भुगतान पूर्व में कर दिया गया होने पर तथ्य संज्ञान में आने पर वसूली की जावेगी ।

3.10 सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जावेगी । निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी। निविदा शर्त का शिथिलीकरण नही किया जाएगा।

3.11 परीक्षा पूर्व एवं परीक्षा पश्चात् कार्य की दर के योग के आधार पर न्यूनतम दर मान्य होगी। अर्थात् न्यूनतम दर की गणना सकल कार्य (परीक्षा पूर्व एवं पश्चात् कार्य) को मिलाकर की जावेगी।

3.12 **निविदा निष्पादित करने में असफल होनाः**–सफल निविदाकर्ता किसी भी कारण से अनुबंध निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (EMD) विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी।

3.13 **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने परः**– निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

3.14 **अन्य शर्तो का पालन न करनाः**–उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर कटौती का अधिकार मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।

3.15 **मान्य नहीं होने परः–**
जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी निविदा प्रतिभूति की राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी। स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.16 **कुलपति/ म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार :–**

3.161 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय स्व विवेक से पैरामीटर/ प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.162 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) या निर्वचन का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

3.163 म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

3.164 निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों को मान्य होगा।

3.165 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.166 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग – 4
## कार्य का विवरण

### 4.1 परीक्षा पूर्व किये जाने वाले कार्य

परीक्षा पूर्व कार्यों में नामावली (नामीनल रोल लिस्ट), प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड), फोटो सहित उपस्थिति पत्रक (Atttendance sheet) इत्यादि अन्य संबंधित कार्य किये जाने होंगे। उपरोक्त प्रारूप / नमूना विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

| क्र0 | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | नामिनल रोल लिस्ट (पंजीयन सूची) 70 जी0एस0एम0 A4 page | 03 प्रति |
| 02 | प्रवेश पत्र (Admit Card) 70 जी0एस0एम0 A4 page में 1 विद्यार्थी | 01 प्रति |
| 03 | फोटो सहित उपस्थिति पत्रक (Atttendance sheet) 70 जी0एस0एम A4 page में 2 विद्यार्थी | 01 प्रति |
| 04 | पर्ण / प्रतिपर्ण ओएमआर में (Foil / C Foil in OMR Pattern) 100 जी0एस0एम0 Maplitho paper, 8.5"x11" size, (कक्षा / विषयवार Theo/Assign/Prac) Foil / C Foil के OMR Pattern का प्रारूप विवि वेबसाईट पर है। **Blank OMR Sheet फर्म को स्वयं तैयार करवानी होगी, जिसका मूल्य वित्तीय निविदा मे परीक्षा पूर्व कार्य की दर में समाहित होगा ।** | 01 प्रति |

### 4.2 परीक्षा पश्चात किये जाने वाले कार्य

(i) विश्वविद्यालय द्वारा रिजल्ट प्रोसेसिंग के लिए जो सामग्री / प्राप्तांक दिए जावेंगे वो इस प्रकार है –

| | |
|---|---|
| 01 | सत्रांत परीक्षा के प्राप्तांक ओ0एम0आर0 आधारित पर्ण / प्रतिपर्ण के रूप में उपलब्ध कराए जाऐंगें। परीक्षार्थी के प्राप्तांकों को ओ0एम0आर0शीट द्वारा कम्प्यूटर से रीड (पढ़) कर डॉटा प्रोसेस किया जायेगा। निविदाकर्ता के पास इस हेतु फास्ट ओ0एम0आर0 शीट रीडर जिसकी गति **कम से कम 3000 ओ0एम0आर0 शीट प्रति घण्टा स्केन करने की क्षमता** होना अनिवार्य है। जिसका उल्लेख निविदाकर्ता निविदा में करेगा। अध्ययन केंद्र / क्षेत्रीय केंद्र से प्राप्तांक पंच होकर प्राप्त होने की स्थिति में यह कम्प्यूटर डाटा अनुबंधित फर्म को उपलब्ध करा दिया जाएगा। अपरिहार्य परिस्थिति में परीक्षार्थी के प्राप्तांको को पर्ण / प्रतिपर्ण द्वारा भी पंच कर डॉटा प्रोसेस किया जायेगा। |
| 02 | इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि ओ0एम0आर0 शीट की छपाई या किसी अन्य कारण से सफल निविदाकार ओ0एम0आर0 शीट को कम्प्यूटर से पढ़ने में अक्षम है, तो ऐसी परिस्थिति में स्वयं इसे मेन्युअली पंच करवाकर रिजल्ट बनवायेंगे। उनका यह कहना कि कम्प्यूटर ओ0एम0आर0शीट नहीं पढ़ रहा है, को विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किया जायेगा और ऐसी स्थिति में फर्म इसे स्वयं व्यय पर मेन्युअली डाटा प्रविष्टि करवाकर नियत समय में पूर्ण करेगा। विशेष परिस्थितियों में, मूल्यांकनकर्ता द्वारा कहीं रोल नं0 के स्थान पर नाम आदि दर्ज करने पर भी इसे परिणाम में शामिल करना फर्म की जिम्मेदारी होगी। |
| 03 | सत्रीय कार्य (Assignment) / प्रेक्टिकल / प्रोजेक्ट / सैद्धांतिक एवं अन्य अंक (हार्ड कॉपी / सॉफ्टकॉपी) हेतु फर्म, विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से सम्बन्ध स्थापित कर विवि परिसर से प्राप्त करेंगे। |

(ii) प्राप्तांकों एवं अन्य संबंधित सामग्री को प्रोसेस करने के उपरांत परिणाम से पूर्व फर्म द्वारा विश्वविद्यालय को Missing/Wanting List (हार्डकॉपी एवं सॉफ्टकॉपी में फर्म के मोनो के साथ) निर्धारित प्रारूप मे उपलब्ध कराना होगा।Missing / Wanting List पर कार्य होने के उपरांत ही परिणाम तैयार होगा।

4.3 **विश्वविद्यालय को जो आउटपुट रिजल्ट प्रोसेस करके सफल निविदाकर्ता द्वारा दिया जायेगा वे इस प्रकार है:–**

| रिजल्ट प्रोसेसिंग के बाद आपूर्तिकर्ता द्वारा दिये जाने वाले आउटपुट (सामग्री) | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | **हार्डकापी**–टेबुलेशन रजिस्टर (टीआर ए–3 साईज में) कम्प्यूटर द्वारा (मय फोटो, वि0वि0 का मोनो, सिक्यूरिटी फीचर Bar / QR Code) | 70 जी0एस0एम0 पेपर पर | 2 प्रतियों में एवं आवश्यकतानुसार |
| 02 | **हार्डकापी**–परीक्षा परिणाम पत्रक (रिजल्ट शीट ए–4 साईज में) जिसमें (पास / रोके गये परिणाम / यू0एफ0एम0 / पूरक आदि) विषय के साथ अंकित हो | 70 जी0एस0एम0 पेपर पर | 2 प्रतियाँ एवं आवश्यकतानुसार |
| 03 | **हार्डकापी**–प्रत्येक विद्यार्थी की अंकसूची (मार्कशीट) फोटो एवं सिक्यूरिटी फीचर,Bar/ QR Code (प्रि–प्रिन्टेड स्टेशनरी पर) निविदा में तय मानक अनुसार (कंडिका 5.1 अनुसार ) **ब्लेंक अंकसूची फर्म को स्वयं तैयार करवानी होगी, जिसका मूल्य वित्तीय निविदा मे परीक्षा पश्चात् कार्य की दर में समाहित होगा ।** | 125 ±5 जी0एस0एम0 Parchment paperA4 page | 01 प्रति में |
| 04 | **हार्डकापी**–मेरिट लिस्ट, सांख्यिकी (Statistics) विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त फार्मेट | 70 जी0एस0एम0 पेपर पर | 2 प्रतियों में एवं आवश्यकतानुसार |
| 05 | **सॉफ्टकापी**–रिजल्ट को वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए डाटा, टेबुलेशन रजिस्टर की पी0डी0एफ0 फाइल एवं डाटा बेस फाईलDbase/Access/Excel, FC OMR के प्राप्तांको को पर्ण / प्रतिपर्ण के रूप में पी0डी0एफ0 फाइल में | डी0व्ही0डी0 में एवं ईमेल पर | 2 प्रतियों में एवं आवश्यकतानुसार |

4.4 परीक्षा परिणाम तैयार की तिथि से 10 दिवस में, विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए समस्त प्राप्तांक **कक्षावार, विषयवार, केंद्रवार** फर्म द्वारा वापिस किया जाना अनिवार्य होगा।

## भाग –5
## अंकसूची एवं टेबुलेशन रजिस्टर का स्पेसिफिकेशन एवं विवरण

5.1 **अंकसूची :–**

5.11 सफल निविदाकार को ब्लेंक अंकसूचीका प्रोफार्मा विश्वविद्यालय के निर्धारित प्रारूप में तैयार करवाना होगा। **फर्म द्वारा प्रस्तुत परीक्षा पश्चात् कार्य की दर में ब्लेंक अंकसूची (Blank Marksheet) का मूल्य समाहित होगा।**

5.12 अंकसूची की गुणवत्ता (कंडिका 2.9 के अनुसार) होना अनिवार्य है ।

5.13 अंकसूची का कागज 125±5 जी0एस0एम0, Parchment Paper, A4 Size लगभग, Multi Color होना चाहिए।

5.14 अंकसूची में न्यूनतम 4 सुरक्षा मानक निम्नानुसार होना अनिवार्य है । (कंडिका 2.9 के अनुसार)
(i) Rainbow color
(ii) UV Signature
(iii) Microline border
(iv) Copy "N" check

5.2 **पर्ण / प्रतिपर्ण (Foil / Counter Foil) :–**

5.21 सफल निविदाकार को ब्लेंक पर्ण/प्रतिपर्ण का प्रोफार्मा विश्वविद्यालय के निर्धारित प्रारूप में तैयार करवाना होगा। **फर्म द्वारा प्रस्तुत परीक्षा पूर्व कार्य की दर में Blank OMR Sheet का मूल्य समाहित होगा।**

5.22 पर्ण / प्रतिपर्ण (Foil/ Counter Foil)का साईज 8.5''X 14'' लगभग होना चाहिए।

5.23 कागज 100 जी0एस0एम0, MaplithoPaper, Multi Colorहोना चाहिए।

5.24 प्रारूप विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

5.3 **टेबुलेशन रजिस्टर :–**

5.31 टेबुलेशन रजिस्टर का साईज A3 Size / 15''X 12'' होना चाहिए।

5.32 प्रत्येक पृष्ठ पर कुलसचिव के हस्ताक्षर हेतु सील मुद्रित होना चाहिए।

5.33 प्रत्येक पृष्ठ पर विश्वविद्यालय को मोनो बेकग्राण्ड में मुद्रित होना चाहिए।

5.34 टेबुलेशन रजिस्टर का कागज 70 जी0एस0एम0 का होना चाहिए।

5.35 टेबुलेशन रजिस्टर विद्यार्थी के फोटो सहित होना चाहिए।

5.4 **अन्य प्रारूपों का कागज भाग 4 अनुसार होगा ।**

## निविदा प्रपत्र–1

# प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि अपलोड करने से पूर्व –

अ) निविदा की कंडिका 2.7 अनुसार अभिलेखों के प्रत्येक पृष्ठ को फर्म की सील के साथ हस्ताक्षरित किया गया है। एक भी पृष्ठ बिना सील एवं हस्ताक्षर के अपलोड नही है।

ब) अभिलेखों पर पेज नं0 दर्ज किए गए है एवं इस तालिका के कॉलम–3 में दर्शाया गया है।

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| क्र0 | विवरण | पेज नं0 |
| 01 | **निविदा प्रपत्र –1** | 01 |
| 02 | **निविदा प्रपत्र – 2** | 02 |
| 03 | **निविदा प्रपत्र –3** रू0 1000/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित | 03 |
| 04 | **टर्नओवर** :–निविदा की कंडिका 2.2 अनुसार **निविदा प्रपत्र–4** | 04 |
| 05 | **निविदा प्रपत्र – 5 एवं संबंधित प्रमाणपत्र** | 05 – .... |
| 06 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000/–जमा की रसीद एवं प्रतिभूति राशि रूपये 1,50,000/–जमा की रसीद | |
| 07 | निविदा की कंडिका 2.6 अनुसार<br>संस्था/फर्म/कम्पनी का इस कार्य का वैध **रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र** की छाया प्रति<br>आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन (PAN/TAN) की छाया प्रति ।<br>जीएसटी (GST) पंजीयन की छाया प्रति ।<br>पिछले तीन जीएसटी (GST) जमा की छाया प्रतियॉ ।<br>ISO 9001:2015 का अद्यतन प्रमाणपत्र | |
| 08 | **इनकम टैक्सः**–निविदा की कंडिका 2.4 अनुसार | |
| 09 | **बेलेन्सशीटः**–निविदा की कंडिका 2.3 अनुसार | |
| 10 | **अनुभवः**–निविदा की कंडिका 2.1 अनुसार। | |
| 11 | ISO या अन्य क्वालिटी प्रमाणपत्र | |
| 12 | फर्म की जानकारी कंडिका 2.11 अनुसार | |

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

**नोट– कॉलम 3 में जानकारी भरकर प्रपत्र 1 को भी अपलोड किया जाना अनिवार्य है ।**

## निविदा प्रपत्र–2

प्रति,

कुलसचिव,
म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल ।

विषयः– **परीक्षा (पूर्व तथा पश्चात) कार्य प्रदाय हेतु निविदा वर्ष 2022 बाबत**।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | फर्म का रजिस्ट्रेशन नं0 | |
| 03 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 04 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 05 | पदनाम | |
| 06 | दूरभाष नम्बर | लेण्डलाईन :<br>मोबाईल : |
| 07 | ई–मेल | |
| 08 | पेन कार्ड नं0<br>जीएसटी नं0<br>टेन नं0 | |
| 09 | वार्षिक टर्नओवर (विगत पॉच वर्षो में से तीन वर्षो का) | 1 वित्तीय वर्ष :<br>2 वित्तीय वर्ष :<br>3 वित्तीय वर्ष : |
| 10 | संबंधित कुल अनुभव (वर्षो में) – | – |
| 11 | बैंक अकाउन्ट एवं आईएफएससी कोड | |

## घोषणा पत्र

मेरे/हमारी संस्था द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियम/ शर्तो का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तो के अधीन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के लिए परीक्षा (पूर्व तथा पश्चात्) कार्य हेतु निविदा वर्ष–2022 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**प्रपत्र –3**
**(निविदा प्रपत्र)**

**शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित**
**रू0 1000/– के स्टाम्प पेपर पर**

**म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात) कार्य की जारी ई–निविदा– 2022 के संबंध में प्रस्तुत शपथ पत्र**

(रू. 1000/– के गैर न्यायिक मुद्रांक/ नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)

मैं.............................................................पुत्र/पुत्री.........................................................उम्र............वर्ष
पता ..............................................................................................................................................
........................................................................................................................................................

शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूं कि:–

(1) मैं निविदाकर्ता संस्था........................................... (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ............................................. ........................ (एकल स्वामी/ साझेदार/ संचालक/ मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूँ तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ........................................हैं।

(2) मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा हमारी संस्था को अक्षरशः मान्य हैं।

(3) निविदा में वर्णित सभी कार्यो को सम्पादित करने के लिए मेरे/ हमारी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त हैं।

(4) हमारी संस्था को किसी भी शास0/अर्ध शास0 संस्था/उपक्रम/सहकारी संघ से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(5) हमारी फर्म पर किसी शासकीय संस्था/ उपक्रम तथा बैंक की देनदारी शेष नहीं हैं एवं हमारी फर्म को कभी भी दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(6) हमारी फर्म को आयकर, वाणिज्य कर एवं अन्य करो के भुगतान के संबंध में डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया। इस संबंध में हमारे विरूद्व कभी भी वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई और न ही किसी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है। हमारी संस्था के विरूद्ध परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात) कार्य सम्बन्धी, कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी आपराधिक मामले मे सीधे दोषी पाया गया है।

(7) मेरे/ हमारी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई सभी जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणिक है। किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/ हमारे द्वारा निष्पादित निविदा निरस्त किया जाना मुझे/हमें मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

स्थान : ...............................
दिनांक: ...............................

**शपथगृहीता**

नामः ..................................................
पदनाम ..............................................
पताः ..................................................

<u>सत्यापन</u>

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निषादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (7) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्णतः सत्य हैं।

**शपथग्रहिता**

**प्रपत्र – 4**

# प्रमाणपत्र

## (सी ए द्वारा सत्यापित)
## अंकेक्षित लेखों का सारांश

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स.......................................................................................पता........................ ..........................................................के विगत पॉच वर्षो में से तीन वर्षों के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच मेरे द्वारा की गई। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य अर्थात् परीक्षा (पूर्व एवं पश्चात्) परिणाम कार्य का आवर्त (टर्न ओवर) इस प्रकार हैः–

| क्रमांक | वित्तीय वर्ष | राशि (शब्दों में) | राशि (अंको में) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |
| 02 | | | |
| 03 | | | |

**टीपः– शब्दों एवं अंकों में राशि का अंतर होने पर शब्दों की राशि को माना जावेगा ।**

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई हैं। जिसे प्रशासन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में प्रमाणित करता हूं।

चार्टेड लेखाकार के हस्ता0: ..................................

स्थानः ..................................

चार्टेड लेखाकार का नामः ..................................

दिनांकः ..................................

चार्टेड फर्म की पदमुद्राः ..................................

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

म॰



## प्रपत्र –5

## (अनुभव)

LIST OF PRESENT AND PAST CLIENTS (ANY 3 YEARS OUT OF LAST FIVE YEARS)

**Result Processing Work Only**

| स0क0 | वित्तीय वर्ष | संस्था का नाम, शहर जहाँ परीक्षा परिणाम संबंधी कार्य किया गया है/जा रहा है | परीक्षार्थी संख्या | देयक राशि |
|---|---|---|---|---|
| Sno | Financial year | Name of Organisation & City, where result processing job done/being done | Examinee Strength | Bill Amount |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |

दिनांक :

स्थान :

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

## प्रपत्र – 6
## (वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

**दर प्रति विद्यार्थी रूपये में (Rate Per Student in Rs.)**

| स0 क0 | कार्य का विवरण | दर शब्दों में | दर अंको में |
|---|---|---|---|
| 1 | परीक्षा पूर्व कार्य की दर निविदा में दिए (कंडिका 4.1) विवरण अनुसार | | |
| 2 | परीक्षा पश्चात कार्य की दर निविदा में दिए (कंडिका 4.3) विवरण अनुसार | | |
| | योग (1 + 2) | | |

**प्रस्तुत दर जी0एस0टी0 रहित (Without GST)**